दिन– गुरूवार | दिनांक– 13 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जिले को एक हजार चार सौ सैंतीस करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात देंगे।

02. राज्य के शहरी निकायों में विकास योजनाओं पर चार सौ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत स्वीकृत हुई राशि।

03. आज विश्व रेडियो दिवस है। रेडियो और जलवायु परिवर्तन की थीम के साथ प्रदेश में किया जा रहा है कई कार्यक्रमों का आयोजन।

04. और, अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में तलवारबाजी की पुरुष फायल टीम स्पर्धा में बिहार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पदकों की कुल संख्या बारह हुई।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जिले में एक हजार चार सौ सैंतीस करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

———बाईट———

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन ने बताया कि मुख्यमंत्री इमामगंज में लावाबार डैम का निरिक्षण करने के साथ ही कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद बतसपुर गांव में बनाये गए डैम के बारे में जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री गोवर्धन योजना, खेल परिसर सहित अन्य कई योजनाओं की समीक्षा करेंगे और यहां किए गए विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री गया शहर के डाक बंगला रोड स्थित मॉडल अस्पताल प्रभावती के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। अस्पताल पर 48 करोड़ की राशि खर्च की गई है, यहां अत्याधुनिक पैथोलैब, आईसीयू और कई वार्ड बनाए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————

राज्य के शहरी निकायों में विकास योजनाओं पर चार सौ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। नगर विकास और आवास विभाग के अनुसार इससे शहरी क्षेत्र में सड़क, पार्क, घाट, जलाशय निर्माण और जलनिकासी के काम होंगे। विभाग ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए यह राशि स्वीकृत की है। संबंधित जिले के जिलाधिकारी इसकी निगरानी करेंगे। निकायों को आबादी के हिसाब से राशि दी गई है। नगर निकायों में विकास कार्य बुडकों के माध्यम से कराया जायेगा।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने प्रदेश के अठारह जिलों में चल रहे विशेष भू–सर्वेक्षण की समीक्षा रिपोर्ट जारी की है। विभाग के सचिव जय सिंह ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि अट्ठाईस हजार चार सौ तैंतालीस गांवों में सर्वे किया जाना है, लेकिन कतिपय कारणों से यह छब्बीस हजार सात सौ छियासी गांव में ही शुरू हो पाया है। पिछले तीन माह से जारी सर्वेक्षण में इन क्षेत्रों में अब तक लगभग छिहत्तर लाख रैयतों ने ही स्व–घोषणा का फार्म ऑफ ऑनलाइन जमा किया है। सचिव ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

———————————————————

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार और नकदी देने की घोषणाओं पर गंभीर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। न्यायाधीशों ने कहा कि सरकार से मुफ्त में राशन और नकदी मिलने के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। न्यायालय ने कहा कि इस वर्ग को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास करना चाहिए।

———————————————————

लोकसभा में आज आयकर विधेयक, दो हजार पच्चीस पेश किया जायेगा। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर विधेयक लाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि सालाना बारह लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना होगा। वहीं, वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट भी आज लोकसभा और राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद के बजट सत्र के पहले भाग का आज आखिरी दिन है।

———————————————————

आज विश्व रेडियो दिवस है। दुनियाभर में लोगों को रेडियो की महत्ता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष दो हजार बारह में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता दी थी। रेडियो प्रसारण पूरे विश्व के लोगों को जोड़ता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम है– **रेडियो और जलवायु परिवर्तन।** इधर, विश्व रेडियो दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी के प्रसारण भवन में **राग रेडियो, रंग रेडियो** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि रेडियो मनोरंजन के साथ–साथ सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है।

———बाईट————

इधर, विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने इस वर्ष सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रणाली में कई बदलाव किये हैं। आयोग के अनुसार यह बदलाव उम्मीदवारों की ओर से आवेदन भरने के समय तकनीकी समस्याओं की शिकायतों के बाद किया गया है। आयोग ने बताया है कि अब अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन के लिए वन टाईम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर में भरी गयी कुछ प्रविष्टियों को सम्पादित कर सकेंगे। हालांकि नाम, जन्म तिथि, माता–पिता का नाम तथा मोबाईल नम्बर और ई–मेल आईडी जैसी प्रविष्टियों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी कामकाज के लिए सभी बैंकों को इस वर्ष इकतीस मार्च को अपनी सभी शाखाएं खुले रखने का परामर्श जारी किया है। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि सरकारी प्राप्तियों और भुगतान से जुड़ी सेवाएं देने वाले बैंकों की सभी शाखाएं इकतीस मार्च को खुली रहे ताकि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के भुगतानों और प्राप्तियों का निपटारा किया जा सके।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रवाह में तेजी के साथ ही प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। आज सुबह से ही राजधानी पटना समेत कई जिलों में तेज हवा चलने से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर और सीवान सहित चौबीस शहरों के तापमान में पांच दशमलव दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर चला गया है।

———————————————————————

राज्य में ग्यारह आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गयी है। इनमें सात अधिकारियों का तबादला किया गया है जबकि तीन को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

अजय यादव शिक्षा विभाग में सचिव बनाये गये हैं जबकि उदयन मिश्रा को पर्यटन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है।

————————————————————————

पटना स्थित सीबीआई की एक विशेष अदालत ने चौंतीस साल पुराने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में औरंगाबाद जिले के नबीनगर में एसबीआई की शाखा के तत्कालीन प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह सहित चार लोगों को तीन तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी पर दो लाख रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

————————————————————————

आज शब–ए–बरात है। इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की पन्द्रह तारीख को शब–ए–बरात का पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग विशेष इबादत करते है। शब–ए–बरात के मौके पर प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए पटना सहित पूरे प्रदेश में दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शब–ए–बरात के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में इस अवसर पर लोगों से आपसी प्रेम, सद्भाव और सभी के सम्मिलित प्रयास से बिहार को आगे बढ़ाने की अपील की है।

————————————————————————

गोपालगंज जिले की गंडक नदी में बारह डॉल्फिन और छह घड़ियाल मिले हैं। वन प्रमंडल पदाधिकारी मेधा यादव ने बताया कि दस किलो मीटर के दायरे में एशियाई जल पक्षी गणना के दौरान बारह गैंगेटिक डॉल्फिन और छह घड़ियाल देखे गये। उन्होंने बताया कि इस दौरान ब्लैक स्टॉर्क, लेसर पाईड, किंगफिशर सहित पच्चीस प्रजातियों के चार सौ से अधिक पक्षियों की गणना की गयी।

————————————————————————

उत्तराखंड में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी है। कल तलवारबाजी की पुरुष फायल टीम स्पर्धा में आकाश कुमार, हर्ष राज, तुषार कुमार और शिवम कुमार की चौकड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। आकाश इससे पहले इसी स्पर्धा के एकल मुकाबले में रजत पदक भी जीत चुके हैं। इसके साथ ही इन खेलों में बिहार को अब तक कुल बारह पदक प्राप्त हो चुके है। इनमें एक स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

इधर, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही अड़तीसवीं नेशनल स्कूल तलवारबाजी प्रतियोगिता में मेजबान बिहार की आरुषि ने बालिका वर्ग की सेबर एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।

———————————————————————

पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाईकिल और पांच मोबाईल के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना के हाजत में बंदी की मौत होने के आरोप में थानाध्यक्ष सुधाकर पांडे, दारोगा एस.के. सिंह और निजी मुंशी रघु पासवान के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————

शेखपुरा जिला मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र शाखा में साइबर ठगी के माध्यम से डेढ़ करोड़ रुपए की निकासी करने आए मछली विक्रेता शंभू केवट को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, पैन कार्ड और नगद राशि भी बरामद की गयी है।

———————————————————————

पटना एसटीएफ और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सुपौल जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र से साढ़े उन्नीस क्विंटल गांजे के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के ट्रैफिक एस.पी. ने ड्यूटी पर स्मार्ट फोन से बात करते के आरोप में तीन आरक्षियों को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेरिस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच हुये समझौते पर लिखा है– एआई और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर सहमति।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– बोम्बे हाई कोर्ट ने केन्द्र से पूछा– प्लास्टिक फूलों पर प्रतिबंध क्यों नहीं।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– हमने सभी वर्गों के हित में काम किया।

प्रभात खबर लिखता है – नहीं रहे राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सतेन्द्र दास।

आज अखबार की सुर्खी है – माघी पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब। दो करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जिले को एक हजार चार सौ सैंतीस करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात देंगे।

02. राज्य के शहरी निकायों में विकास योजनाओं पर चार सौ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत स्वीकृत हुई राशि।

03. आज विश्व रेडियो दिवस है। रेडियो और जलवायु परिवर्तन की थीम के साथ प्रदेश में किया जा रहा है कई कार्यक्रमों का आयोजन।

04. और, अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में तलवारबाजी की पुरुष फायल टीम स्पर्धा में बिहार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पदकों की कुल संख्या बारह हुई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।